

बस्तर के 12 में से 12 विधानसभा सीट जीतना हमारा लक्ष्य -कौशिक

भाजयुमो प्रदेश कार्य समिति की दो दिवसीय बैठक का हुआ शुभारंभ

जगदलपुर,12 जुलाई (सन्यूस)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति का शुभारंभ करते कहा कि बस्तर हमारे लिये हमेशा महत्वपूर्ण रहा है और रहेगा। इस बार हम बारह के बारह सीटों में विजय हासिल करने जा रहे है इस जीत में युवाओं की भूमिका बड़ी अहम होगी। उन्होंने कहा जब हम 2003 में बस्तर से कार्यसमिति के साथ ही हमें जीत का सिलसिला जारी रखा है और इस बार फिर से चौथी बार जीत के संकल्प के साथ फिर से चुनावी समर में है। हमेशा कांग्रेस केवल कोरी काल्पनिक बेतुकी नारों के साथ जनता के बीच जाती रहीं है इसलिए जनता हमेशा कांग्रेस को नकार रही है। हमने विकास का समग्र मॉडल दिया है जिसे जनता लगातार स्वीकार रही हैं । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह संकल्प भाव के साथ समाज जीवन के तरक्की के लिए जुटे हुये है। हमारी सरकारे अनुकर्णीय है व आदर्श को स्थापित कर रही है।

हॉटल गणपति रिसोर्ट में कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक के पहले दिन संबोधित करते शिक्षा मंत्री केदार कश्यप ने कहा एक समय बस्तर में समस्या की जड़े इतने मजबूत थी उसे दूर करने की दिशा में कांग्रेस ने कभी ध्यान नहीं दिया अब हम शिक्षा, स्वास्थ्य, सडक़ के माध्यम से बस्तर को बेहतर बस्तर बनाने के लिए संकल्पित है। बस्तर की बदली हुयी तस्वीर अब सबको प्रेरित कर रहा है। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष विजय शर्मा ने कहा युवा मोर्चा लगातार संगठनिक आधार पर और मजबूत होती जा रही है साथ ही युवा शक्ति चौथी बार संकल्प के साथ सरकार बनाने की दिशा में जुटी हुयी हैं निश्चित ही विजय उसे मिलता है जिसका लक्ष्य तय होता है। हम एक लक्ष्य के साथ समाज जीवन में काम कर रहें है। इस मौके पर शहीद वीर गुण्डाधुर परिवार के सदस्य परदेशी धुर मिलेनियम वोटर के तहत नौ मतदाता कार्यक्रम का हिस्सा बने। इस अवसर पर मंत्री महेश गागड़ा, सांसद दिनेश कश्यप, रामप्रताप सिंह, भाजयुमो राष्ट्रीय महामंत्री अभिजात मिश्रा, प्रदेश प्रभारी ठाकुर रंजीत दास, विधायक संतोष बाफना, वनविकास निगम अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, प्रदेश महामंत्री डॉ सुभाऊ कश्यप, प्रदेश मंत्री किरण देव, जिलाध्यक्ष बैदुराम कश्यप, लच्छूराम कश्यप, शेषनारायण तिवारी, जबीता मण्डावी, संजय पाण्डेय, विक्रांत सिंह, प्रबल प्रतापसिंह जुदेव संजूनारायण सिंह, सुशांत शुक्ला, अनुराग अग्रवाल, कमल गर्ग, टिकेश्वर जैन सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

मुख्यमंत्री होंगे शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह युवा मोर्चा के कार्यसमिति के दूसरे दिन 13 जुलाई को युवा कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे साथ ही वनौषधि बोर्ड के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह का उदबोधन होगा। भाजयुमो के राष्ट्रीय महामंत्री अभिजात मिश्रा समग्र मार्गदर्शन प्रस्तुत करेंगे।

आज नेत्रोत्सव में भगवान जगन्नाथ के होंगे दिव्य दर्शन

भगवान जगन्नाथ का भक्तों-श्रद्धालुओं से आध्यात्मिक मिलान कहलाता है, नेत्रोत्सव पूजा विधान

जगदलपुर, 13 जुलाई (सन्यूस)। बस्तर गोंचा पर्व 2018 में आज नेत्रोत्सव पूजा विधान सम्पन्न होंगे,जिसमे शताब्दियों पुरानी शस्त्रों-पौराणिक मान्यताओं एवं बस्तर के रियासतकालीन परंपराओं के अनुसार विधि-विधान से पूरी प्रक्रिया के आधार पर चंदन जात्रा पूजा विधान के पश्चात जगन्नाथ स्वामी के अस्वस्थताकालावधि अर्थात अनसर काल के दौरान भगवान जगन्नाथ के दर्शनवर्जित अवधि में श्रीश्री जगन्नाथ मंदिर में स्थित मुक्तिमण्डप में स्थापित भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा एवं बलभद्र स्वामी के विग्रहों को श्रीमंदिर के गर्भगृह के सामने भक्तों के दर्शनार्थ स्थापित किया जाएगा। जहां भगवान के विग्रहों का श्रृंगार किया जाकर 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के विशेषज्ञ कर्मकांडी पंडितो व अन्य ब्राह्मणों के द्वारा नेत्रोत्सव के पूजा विधान को विधिविधान के साथ संपन्न करवाया जाएगा। भगवान जगन्नाथ के दिव्य दर्शन के लिए 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज जगदलपुर क्षेत्र के अध्यक्ष विवेक पांडे ने समस्त भक्तो-श्रद्धालुओं को सपरिवार श्रीश्री जगन्नाथ मंदिर पहुंचकर पूण्य लाभ प्राप्त करने का आह्वान किया है। भगवान जगन्नाथ के जिस स्वरूप की आराधना की जाती है वह निराकार परमब्रह्म परमात्मा एवं साकार परमब्रह्म परमात्मा दोनों ही स्वरूप इसमें विद्यमान है। सम्पूर्ण विश्व मे ही नही सम्पूर्ण ब्रह्मांड में ऐसा कोई भी आराध्य किसी भी धर्म सम्प्रदाय का क्यो न हो वह भक्तो के पास भगवान के पहुचने का गुंडिचा या गोंचा पर्व के समान कोई पर्व या त्योहार देखने को नही मिलता है। इसी लिए भगवान जगन्नाथ को कलयुग के भगवान भी कहते है।

बस्तर गोंचा पर्व का वह क्षण जब भगवान जगन्नाथ के नेत्रोत्सव पूजा विधान का होगा तब श्रीमंदिर के बाहर भक्तो-श्रद्धालुओं के लिए भगवान जगन्नाथ विराजमान होंगे। यह सर्वविदित है कि देवस्नान ज्येष्ठ पूर्णिमा,चंदन जात्रा पूजा विधान 28 जून को सम्पन्नता के पश्चात 29 जून से 12 जुलाई तक भगवान जगन्नाथ स्वामी का अनसर काल की अवधि में भगवान के भक्त-श्रधालुओं को भगवान जगन्नाथ के दर्शन से 15 दिनों तक वंचित थे। इतने दिनों तक भगवान के दर्शन से वर्जित होने से यह भक्तो-श्रधालुओं के लिए भगवान जगन्नाथ के सुदर्शन चक्र के रक्षा सूत्र से विलग होने जैसे व्याकुलता को दूर करने के लिए भगवान जगन्नाथ श्रीमंदिर के बाहर भक्तो-श्रद्धालुओं के नयनाभिराम के लिए भगवान का भक्तो-श्रधालुओं के पास आ जाने से भक्तो-श्रद्धालुओं के आँखो से अश्रु छलक पड़ते है। यह भगवान जगन्नाथ का भक्तो-श्रद्धालुओं के साथ आध्यात्मिक मिलन ही नेत्रोत्सव कहलाता है।

बाइक सवार युवकों पर पेड़ गिरा, एक की मौत दूसरा घायल

सुकमा 12 जुलाई (सन्यूस)। सुकमा जिला मुख्यालय से लगभग आठ किमी दूर जगदलपुर मार्ग पर गुरुवार सुबह हुए सड़क हादसे में जगरगुंडा निवासी युवक लक्ष्मण समरथ की मौत हो गई। दूसरा युवक प्रफुल्ल कौशिक गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल युवक का उपचार जिला अस्पताल में जारी है। मिली जानकारी के मुताबिक क्रेडा विभाग में कार्यरत दो ठेका कर्मचारी प्रफुल्ल कौशिक व लक्ष्मण समरथ बाइक में सवार होकर गुरुवार सुबह नौ बजे किसी काम से छिंदगढ़ के लिए रवाना हुए थे। यहां से लगभग आठ किमी दूर गीदम गांव में स्थित सीआरपीएफ कैंप के आगे चलती बाइक पर अचानक पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने से बाइक चला रहे युवक लक्ष्मण के सिर पर गंभीर चोटें आईं।

हादसे के कुछ ही देर बाद उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बाइक के पीछे बैठे दूसरे युवक प्रफुल्ल को जिला अस्पताल में एडमिट कराया गया है यहां उसका उपचार जारी है।

मिलिशिया कमांडर समेत 5 नक्सली गिरफ्तार

नारायणपुर, 12 जुलाई (सन्यूस)। नारायणपुर जिला पुलिस ने दबिश देकर एक जनमिलिशिया कमांडर सहित 5 नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफ्लता हासिल की है। पकड़ाए नक्सलियों में एक महिला भी शामिल है।

डीआरजी की पुलिस पार्टी को नक्सल विरोधी अभियान पर बालेबेड़ा की ओर रवाना किया गया था। पुलिस पार्टी बालेबेड़ा गांव के पास जंगल में पहुंची थी कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर भागने लगे, जिनकी घेराबंदी कर 05 संदिग्ध व्यक्तियों गुड्डुराम बड्डे बालेबेड़ा जनमिलिशिया कमांडर, सैनूराम उर्फ चैनूराम, राजू मेटामी, कुमारी जानो महारा एवं मसियाराम सभी जनमिलिशिया सदस्यों को पकड़ा गया, जिन्होंने पूछताछ करने पर बालेबेड़ा मिलिशिया में कार्य करना व दिनांक-04.07.2018 को ग्राम बालेबेड़ा जंगल में पुलिस पार्टी पर नक्सलियों द्वारा एम्बुश कर जान सहित मारने के नियत से हमला करने की घटना में शामिल होना स्वीकार किया।

सिंहा ने बताया कि उक्त गिरफ्तार नक्सली सदस्यों को करीबन 06-07 वर्ष पूर्व नक्सली कमाण्डर जयलाल, परकोट एलओएस के द्वारा बालेबेड़ा मिलिशिया के रूप में शामिल किया था, तब से ये बालेबेड़ा मिलिशिया में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे थे। पूर्व में भी विभिन्न घटनाओं में शामिल रहे है।

उन्होंने बताया कि गुड्डुराम वड्डे, बालेबेड़ा मिलिशिया कमाण्डर के कब्जे से 01 नग भरमार बंदूक बरामद किया गया है। गुड्डू राम वड्डे की गिरफ्तारी पर राज्य शासन द्वारा 01 लाख रूपये का ईनाम घोषित किया गया है।

तीन प्रेशर बम बरामद, बीडीएस की टीम ने किया निष्क्रिय

कांकेर, 12 जुलाई (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में 2 दिन पहले नक्सलियों के आईईडी बम धमाके में सेना के 2 जवान शहीद हो गए थे। इसके बाद आज फिर नक्सलियों ने नक्सल प्रभावित इलाके में 3 प्रेशर बम प्लांट किये थे, जिसे बीएसएफके जवानों ने सर्चिंग के दौरान महला-परतापुर मार्ग से बरामद किया।

गौरतलब हो कि दो इन पहले कांकेर के छोटेबेठिया थाना के ताड़वाली के जंगलों में सर्चिंग के निकले बीएसएफ के जवानों पर घात लगाकर बैठे हुए नक्सलियों ने हमला कर दिया था। नक्सलियों के द्वारा किये गए आईडी ब्लास्ट में बीएसएफके 2 जवान शहीद हो गए। जवान मोटर साइकल पर सवार थे।

नक्सलियों के द्वारा आईईडी ब्लास्ट किये जाने के बाद पुलिस ने भी नक्सलियों को जमकर जवाब दिया इस दौरान काफी देर तक फायरिंग भी होती रही। इस मुठभेड़ में पुलिस ने कई नक्सलियों को गोली मारने का दावा किया था।

खपरा बेचना है
नया मैंगलोर टाइल्स
(खपरा) बिल्कुल अच्छी
हालत में बेचना है।
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
मोबाइल नंबर- 9713152402

गुप्त रोगी सम्पर्क करें
शर्तिया इलाज स्त्री-पुरूष, गुप्त रोग, शीघ्र पतन, स्वप्न दोष, कमजोरी, नपुंसकता, टेढ़ापन का मशीनों द्वारा
जांच गारंटी के साथ शर्तिया इलाज
संपर्क- डॉ. अहमद
जे.जे. हॉस्पीटल, आर.एस.एस. मार्केट, पावर हाऊस, बस स्टैण्ड के पीछे भिलाई
प्रतिदिन सुबह 9 से 5 बजे रविवार 9 से 2
सावधानः डॉ. अहमद जे. जे. हॉस्पिटल के नाम अन्य कोई भी शाखा नहीं है.
मिलते-जुलते नाम से धोखा न खाएं. पेपर कटिंग साथ में लावें.
जे.जे. हॉस्पिटल 0788-2296252, 9098889899

आवश्यकता है
सुबह पेपर बांटने के लिए उर्जावान युवकों की आवश्यकता है
: जल्द संपर्क करें :
दण्डकारण्य समाचार
वृन्दावन कॉलोनी, जगदलपुर
मोबाइल नं.- 9713152402

डिजीटल स्मार्ट स्कूल
कालीबाड़ी उ.मा. विद्यालय
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
वृन्दावन कॉलोनी, जगदलपुर
● हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम ● सी.जी. पाठ्यक्रम
10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट परिणाम
हमारी सोच :
⇨ शिक्षा ही नहीं संस्कार भी
⇨ आत्मीय माहौल, करीबी संबंध
⇨ गुणात्मकता ही प्राथमिकता
⇨ विविध आयोजन, बहुमुखी विकास
⇨ अनुशासन सर्वोपरि
प्रवेश जारी है
- :संपर्क समय :-
पूर्वान्ह 9.30 बजे से
शाम 4.30 बजे तक
फोन- 07782-227620

मुद्रक व प्रकाशक तुषार कांति बोस द्वारा मालिक तुषार कांति बोस के लिए दण्डकारण्य समाचार, समाचार काम्पलेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से मुद्रित एवं समाचार काम्पलेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से प्रकाशित : संपादक - श्रीमती मणिकुंतला बोस
कार्यकारी संपादक - विश्वरूप बोस Post Box No.- 8, ☎ Office - 07782/227594 Fax- 07782/227593 E-mail: news@dandakaranyasamachar.com Raipur Office : Aashirwad Bhavan, Ram Mandir Road, Byron Bazar, Raipur - 492001 (C.G.)